# स्वीकृत बोरिंगों को लगाने में ढिलाई बरत रहे जलदाय विभाग के खिलाफ धरना

## अतिरिक्त कलेक्टर एवं जलदाय विभाग अधिकारियों ने धरना समाप्त कराया

**अलवर, (निसं)।** पेयजल समस्या को लेकर व विधायक निधि से स्वीकृत बोरिंगों को लगाने में ढिलाई बरत रहे जलदाय विभाग के खिलाफ शहर विधायक संजय शर्मा ने मिनी सचिवालय में महात्मा गांधी की प्रतिमा के नीचे बैठकर धरना दिया।

शुक्रवार को शहर विधायक संजय शर्मा ने मिनी सचिवालय में महात्मा गांधी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उसी स्थल पर बैठकर शहर में व्याप्त पेयजल समस्या को लेकर व विधायक निधि से स्वीकृत 4 करोड़ 37 लाख के ट्ययूबवेलों को लगाने में ढिलाई बरत रहे जलदाय विभाग व प्रशासन के खिलाफ धरना दिया गया।

सुबह 10:30 बजे से लेकर 5:30 बजे तक चले धरने को अतिरिक्त जिला कलेक्टर शहर नवीन यादव एवं जलदाय विभाग के अधीक्षण व अधिशासी अभियंता ने विधायक संजय शर्मा की सभी मांगों को स्वीकार करते हुए लिखित समझौते के साथ धरना समाप्त कराया। समझौते के अंतर्गत विधायक निधि से स्वीकृत



मौके पर पहुंचे अधिकारियों ने समझाइश की।

47 ट्ययूबवेल बजट घोषणा अंतर्गत 10 ट्ययूबवेल एवं कनटीजेंसी प्लान अंतर्गत 5 ट्ययूबवेल कुल मिलाकर 62 स्वीकृत ट्ययूबवेलों को बुर्जा, कटी घाटी सहित निर्धारित स्थलों पर 27 दिनों में करने की लिखित सहमति प्रशानिक व जलदाय विभाग के अधिकारियों द्वारा दी गई। इस दौरान शहर विधायक संजय शर्मा ने नटनी का बारा बीयर से जयसमंद बांध तक बनी नहर को अतिक्रमण मुक्त कर नए सिरे से बनाने हेतु किए जा रहे कार्य में तेजी लाने, सिलीसेढ़ से शहर में पानी लाने की योजना को सरकार के स्तर पर वार्ता कर शीघ्र से शीघ्र स्वीकृत कराने संबंधी बात भी कही जिस पर भी प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा शीघ्र प्रयास करने का विश्वास दिलाया।

धरने पर शहर विधायक संजय शर्मा के साथ सभापति घनश्याम गुर्जर, भाजपा जिलाध्यक्ष अशोक गुप्ता, जितेंद राठौड़, हरीश अरोड़ा मनोज चौहान राजेंद्र सैनी रवि यादव राजेंद्र शेखावत दिनेश गुप्ता पंडित जले सिंह मुकेश तिवारी पार्षद सतीश यादव, विष्णु शंकर शर्मा, अविनाश खंडेलवाल, सीताराम चौधरी, कैलाश सैनी, रविन्द्र जेन, अरुण जैन, रमाकांत यादव, पदम सैनी, घनश्याम सोनी, शीला जांगिड़, शालिनी शर्मा, सुमन चौधरी, हेतराम यादव, रामअवतार शर्मा, नरेंद्र शर्मा आदि सैकड़ों पार्टीकार्यकर्ता व आमजन भी उपस्थित रहे।

# नाबालिग की दुष्कर्म के बाद हत्या

## नाबालिग लड़की का शव पानी के टांके में मिला

**जोधपुर, (कासं)।** बालेसर थाना अंतर्गत नाबालिग लड़की का अपहरण कर दुष्कर्म के बाद हत्या करने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। नाबालिग लड़की शव पानी के टांके में मिला है।

थाना अधिकारी सवाई सिंह महाबार ने बताया कि थाना क्षेत्र के एक व्यक्ति ने रिपोर्ट पेश कर बताया कि 31

- **मुख्य आरोपी एवं एक नाबालिग युवक को दस्तयाब किया**
- **पुलिस ने अस्पताल पहुंचकर मृतक नाबालिग बालिका का शव कब्जे में लिया**

मई को घर पर कोई नहीं था केवल उसकी नाबालिग पुत्री ही घर पर थी। इसी दौरान गणपत राम एक अन्य युवक के साथ मोटरसाईकिल लेकर उसके घर आया तथा उनकी नाबालिग पुत्री को बहला-फुसलाकर मोटरसाइकिल पर अपने गांव ले गया। इसके बाद सुनसान खेतों में नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म कर हत्या कर दी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की। नाबालिग लड़की का शव टांके में मिला। जिसे ग्रामीणों ने बाहर निकालकर अस्पताल लेकर गए जहां डॉक्टरों ने बताया कि लड़की की मृत्यु हो गई है। इस घटना पर पुलिस अस्पताल पहुंचकर शव कब्जे में लिया तथा बालेसर पुलिस को सूचना दी। बालेसर थाना अधिकारी सवाई सिंह महाबार, एएसआई गोपी किशन सिंह राजपुरोहित मय जाब्ता तुरंत मौके पर पहुंचे तथा अस्पताल पहुंचकर मृतक नाबालिग बालिका का शव कब्जे में लिया एवं मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम करवा कर विसरा संकलित किए। शव परिजनों को सुपुर्द किया।

पुलिस ने मामले में तत्परता दिखाते हुए मुख्य आरोपी गणपत राम एवं उनके साथ में एक नाबालिग युवक को भी दस्तयाब कर लिया है। जिनसे पूछताछ के बाद मामले का खुलासा होगा। इस मामले की जांच बालेसर पुलिस उपाधीक्षक पदमदान कर रहे हैं। जांच के बाद ही पूरे मामले का खुलासा होगा।

# पोक्सो अभियुक्त को आजीवन कारावास

**जोधपुर, (कासं)।** विशिष्ट न्यायालय लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम (पोक्सो) 2012 के विशिष्ट न्यायाधीश अनिल आर्य ने पोक्सो अभियुक्त को आजीवन कारावास (शेष प्राकृत जीवन) एवं 25 हजार के अर्थद से दंडित किया।

विशिष्ट लोक अभियोजक रामपाल विश्नोई ने बताया कि 61 वर्षीय अभियुक्त ने गली में खेल रही 8 वर्षीय नाबालिग पीड़िता को चॉकलेट देने के बहाने अपने घर पर ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया था। इस प्रकरण की रिपोर्ट पुलिस थाना फलोदी में 18 अप्रैल 2020 को दर्ज की गई। पुलिस द्वारा अनुसंधान पूर्ण कर मुजलिम के खिलाफ पोक्सो कोर्ट जोधपुर ज़िला में चालान पेश किया गया। कोर्ट में राज्य सरकार की ओर से विशिष्ट लोक अभियोजक रामपाल विश्नोई, परिवादी पक्ष की ओर से शिवलाल बरवड़ एवं भीमाराम मुडिया ने मजबूत पैरवी करके मुल्जिल को कड़ी से कड़ी सजा देने की मांग की। आज विशिष्ट न्यायाधीश पोक्सो कोर्ट जोधपुर जिला द्वारा उक्त प्रकरण में अभियुक्त को आजीवन कारावास एवं 25 हजार के जुर्माने की सजा सुनाई।

## नगर परिषद् के दो कार्मिक निलम्बित

**चूरू, (कासं)।** काम में लापरवाही बरतने पर नगरपरिषद् के 2 कार्मिकों निलम्बित किया गया है। साथ ही 5 अधिकारी व कर्मचारियों को नोटिस जारी किये हैं। यहां नगरपरिषद् आयुक्त जोधाराम बिश्नोई ने बताया कि राजेन्द्र सिंह राठौड़ विधायक चूरू द्वारा शहरी क्षेत्र के समस्त पार्षदों को लेकर कलैक्टर चूरू को आज चूरू शहर की बिगडी सफाई व्यवस्था को सुचारू करने बाबत ज्ञापन दिया गया था। शहर में जगह-जगह जल भराव की स्थिति तथा गंदगी का आलम पसरा हुआ है। इस पर नगरपरिषद् आयुक्त ने सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया तो कुछ कर्मचारियों की लापरवाही सामने आयी, जिस पर कार्यवाही करते हुए 5 अधिकारी, कर्मचारी को नोटिस जारी किये गये तथा सफाई एवं अग्निशमन सेवा से जुड़े 2 कार्मिकों को तत्काल प्रभाव से निलम्बित किया गया है। आयुक्त जोधाराम बिश्नोई ने बताया कि श्रीकान्त कस्वां फायर मैन नगरपरिषद् चूरू के विरूद्ध अनुशासनिक कार्यवाही विचाराधीन है।

# कैलाश गुर्जर के निधन पर राहुल गांधी ने जताया दुख

**बूंदी/डाबी, (निस)।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी ने राजकीय महाविद्यालय बूंदी के पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष व हाल ही में युवा कांग्रेस चुनाव के निर्वाचित जिलाध्यक्ष कैलाश गुर्जर के निधन पर गहरी संवेदना व्यक्त की है।

शुक्रवार सुबह युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष बी. बी. श्रीनिवास के निर्देश पर युवा कांग्रेस के पदाधिकारी भी बूंदी पहुंचे।राहुल गांधी के प्रतिनिधि के रूप में राजस्थान बीज निगम के निदेशक राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य चर्मेश शर्मा, राजस्थान युवा कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष अरबाब खान, कोटा युवा कांग्रेस के जिलाध्यक्ष मोईजुद्दीन गुड्डू,बूंदी युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष निशांत नुवाल, झालावाड़ एनएसयूआई के पूर्व जिलाध्यक्ष महेंद्रप्रताप सिंह झाला ने शुक्रवार सुबह बरड के राणा जी का गुढ ा स्थित निवास पर पहुंचकर स्व.कैलाश गुर्जर के पिता मन्नालाल गुर्जर व बड़े भाई रामस्वरूप गुर्जर को राहुल गांधी की ओर से संवेदना पत्र सौंपा।

कैलाश गुर्जर के पिता मन्नालाल गुर्जर के नाम भेजे शोक संदेश में राहुल गांधी ने कहा कि कैलाश गुर्जर के निधन पर उन्हें गहरा दुख है। दुख के इस समय पर वे उनके परिवार की पीड़ा को समझते है। इस अवसर पर युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव इशान अंसारी, झालावाड एनएसयूआई के जिलाध्यक्ष वसीम युवा कांग्रेस नेता जितेंद्र सिंह शक्तावत, कांग्रेस मंडल अध्यक्ष खड़ीपुर सरपंच मोहन गुर्जर, कोटा के युवा नेता राहुल खंडेलवाल, मशरूल खान भी उपस्थित रहे। युवा कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष अरबाब खान ने कहा कि कैलाश गुर्जर का निधन कांग्रेस परिवार के लिये दु:खद है। राजस्थान बीज निगम के निदेशक पीसीसी सदस्य चर्मेश शर्मा ने कहा कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गाँधी संवेदनशील नेता है जो दुख के समय में कांग्रेस परिवार के लोगों व देशवासियों के साथ खड़े रहते है।

## नशीली गोलियों सहित दो गिरफ्तार

**कोटपूतली, (निसं)।** स्थानीय थाना पुलिस ने अवैध मादक पदार्थों को लेकर बड़ी कार्यवाही करते हुए दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। प्रशिक्षु आरपीएस अनिल कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस टीम ने अवैध कारोबार की चौकिंग व निगरानी के दौरान प्रागपुरा थाना क्षेत्र के ग्राम भुरी भड़ाज निवासी सीताराम (28) व धर्मवीर (21) दोनों पुत्र रामावतार स्वामी को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से मादक पदार्थ युक्त नशीली दवा एल्पेराजोलाम की 1200 गोलियां बरामद कर एनडीपीएस एक्ट में प्रकरण दर्ज किया है।

## शेखावाटी में उमस बढ़ी

**चूरू, (कासं)।** शेखावाटी में पिछले दिनों हुई बारिश के बाद उमस बढ़ गई है। मौसम विभाग के अनुसार चूरू में शुक्रवार को अधिकतम तापमान 34.5 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 21.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ है। यहां दोपहर के समय काफी उमस रही। हालांकि सुबह-शाम मौसम सुहावना बना रहा।

# हाई सिक्योरिटी जेल की सुरक्षा में सेंध

## सीसीटीवी कैमरे का काम करने वाली फर्म के एक तकनीकी कर्मचारी ने एक बंदी की फोटो सोशल मीडिया पर वायरल की

**अजमेर, (कासं)।** अजमेर की हाईसिक्योरिटी जेल की सुरक्षा में चूक का मामला सामने आया है। जेल में लगाए जा रहे सीसीटीवी कैमरे का काम करने वाली फर्म के एक तकनीकी कर्मचारी ने जेल में बंद एक बंदी की फोटो सोशल मीडिया पर वायरल कर दी। जेल की सुरक्षा पर अब सवालिया निशान लग गया है। जेल अधीक्षक ने सिविल लाइन थाने में कर्मचारी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने जेल की सुरक्षा के मामले को गंभीरता से लेते हुए मामला दर्ज कर जांच में जुट गई।

उच्च सुरक्षा कारागृह अजमेर (हाईसिक्योरिटी जेल) में बंद एक बंदी की फोटो जेल से सोशल मीडिया पर वायरल करने का मामला सामने आया है। जेल अधीक्षक के प्रतिनिधि के तौर पर कांस्टेबल घनश्याम सिंह ने शुक्रवार को सिविल लाइन थाने में जेल की सुरक्षा

- **जेल अधीक्षक की रिपोर्ट पर सिविल लाइन थाने में मामला दर्ज, पुलिस जुटी मामले की जांच में**

से जुड़े मामले को लेकर लिखित रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस को दी रिपोर्ट में बताया कि राज्य सरकार के उपक्रम राजकॉम्प के तहत हाई सिक्योरिटी जेल में 319 सीसीटीवी कैमरे लगाने का काम चल रहा है। फर्म के तकनीकी कर्मचारी अनिल कुमार पुत्र ढ गल सिंह निवासी चांदना भाखर ज्योति नगर प्रतापनगर जिला जोधपुर को कारागृह के अंदर सीसीटीवी कैमरे लगाने का काम सौंपा। कर्मचारी को कार्य की रिपोर्ट देने के लिए स्वयं का मोबाइल फोन ले जाने की परमिशन आवश्यक कार्य के लिए अनुमति दी थी। कार्य के दौरान कर्मचारी के साथ जेल प्रहरी रामलाल की ड्यूटी भी उसके साथ लगा रखी थी।

तकनीकी कर्मचारी अनिल कुमार ने अपने मोबाइल फोन से बंदियों की फोटो लेकर कारागृह में निरूद्ध एक विचाराधीन बंदी रघुवीर सिंह पुत्र विजय सिंह राजपूत निवासी राजपूतों का मोहल्ला बागोरिया थाना भोपालगढ़ जिला जोधपुर के ममेरे भाई निखिल सिंह को वॉट्सऐप पर भेज दी। बंदी के ममेरे भाई निखिल सिंह ने संभवत: यह फोटो अपने वाट्सएप स्टेट्स में लगाकर वायरल कर दी। तकनीकी कर्मचारी अनिल कुमार ने उक्त फोटो अपने मोबाइल से डीलीट कर दी। तकनीकी कर्मचारी ने बंदी के परिजन से भी सम्पर्क स्थापित किया।

कांस्टेबल सिंह ने बताया कि तकनीकी कर्मचारी द्वारा किया गया कृत्य अवैध गतिविधियों में संलिप्त होने के चलते कारागार अधिनियम राजस्थान संशोधन अधिनियम 2015 की धारा 42 के तहत् दंडनीय अपराध की श्रेणी में आता है। कांस्टेबल सिंह ने बताया रिपोर्ट में बताया कि इस काम में जेल में बंद विचाराधीन कैदी रघुवीर सिंह पुत्र विजय सिंह राजपूत ने भी सहयोग किया। तकनीकी कर्मचारी अनिल कुमार तथा विचाराधीन कैदी रघुवीर सिंह के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर सख्त कार्यवाही की जाए। सिविल लाइन थाना पुलिस ने जेल की सुरक्षा के मद्देनजर मामले को गंभीरता से लेते हुए मामला दर्ज कर जांच में जुट गई है। मामले की जांच एएसआई हरिराम यादव को सौंपी गई है।

## फर्जी सिम मॉडम बॉक्स एक्सचेंज तैयार करने वाले गिरोह का खुलासा

**जयपुर/कोटा, (निस)।** आतंकवाद निरोधक दस्ता (एटीएस) ने कोटा शहर में कार्रवाई करते हुए फर्जी सिम मॉडम बॉक्स एक्सचेंज तैयार करने वाले गिरोह का खुलासा करते हुए 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया। अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस अशोक राठौड ने बताया कि एटीएस टीम को सूचना मिली थी कि कोटा शहर में फर्जी सिम मॉडम बॉक्स के कई जगह एक्सचेंज बनाकर भारत के विभिन्न राज्यों में मोबाइलों पर कॉल्स की जा रही है। जिस पर युवराज सिंह निवासी कोटा,अरुण शर्मा निवासी शिवपुरा कोटा, राकेश कुमार निवासी नयापुरा कोटा और गजराज सिंह निवासी पूनम कॉलोनी कोटा को गिरफ्तार किया गया है।

साथ ही एक अन्य आरोपी हेमराज मेहरा निवासी गोरधनपुरा कोटा का नामजद किया गया है। आरोपियों से सिम बॉक्स 11 सिम - 1128, एडाप्टर - 10, इंटरनेट मॉडम फाइबर-1 जब्त किया है। गौरतलब है कि सिम मॉडम बॉक्स यह एक इलेक्ट्रॉनिक उपकरण है जो हार्डवेयर व सॉफ्टवेयर के बेस पर काम करता है व वीओआईपी कॉल को साधारण वॉइस कॉल में तब्दील करके फर्जी मोबाइल सिमों से ग्राहक तक साधारण कॉल पहुंचाता है जिससे डॉट (दूरसंचार विभाग) मोबाईल कंपनियों को उक्त कॉल्स की पहचान नहीं होती है। पूर्व में भी उक्त सिम बॉक्सो में फर्जी सिमों के द्वारा संचालित पाये जाने पर फर्जी सिमें बेचने के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है।

## तैयारियों का जायजा लिया

**जालोर, (कासं)।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के तीन जून को जालोर में प्रस्तावित दौरे को लेकर जन अभियोग निराकरण समिति के अध्यक्ष पुखराज पाराशर व जिला कलेक्टर निशान्त जैन ने शुक्रवार को स्टेडियम प्रंगण जालोर में चल रही तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के यात्रा कार्यक्रम के संबंध में स्टेडियम परिसर का अवलोकन तैयारियों का जायजा लिया तथा व्यवस्थाओं के संबंध में अधिकारियों से चर्चा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान अतिक्ति पुलिस अधीक्षक रामेश्वर लाल मेघवाल, जालोर उपखण्ड अधिकारी दौलतराम चौधरी, जुल्फीकार अली भुट्टो सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी व कार्मिक उपस्थित रहे।

## सी.एम. ने करोड़ों के विकास कार्यों का किया शिलान्यास

**बाड़मेर, (निसं)।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि आमजन को राहत देना राज्य सरकार का ध्येय है। राज्य में उत्कृष्ट वित्तीय प्रबंधन कर जनकल्याणकारी योजनाओं का संचालन किया जा रहा है।

केन्द्र सरकार के मानकों को पूरा करने एवं अनुमति मिलने पर ही राज्य सरकारों को ऋण मिलता है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के पांच बजट में आमजन पर कोई भी नया कर नहीं लगाया गया है। राज्य सरकार द्वारा जनघोषणा पत्र की नब्बे प्रतिशत से अधिक घोषणाओं की क्रियान्विति कर दी गई है। गहलोत शुक्रवार को बाड़मेर के आदर्श स्टेडियम में 143 करोड़ रुपए के विकास कार्यों के लोकार्पण-शिलान्यास समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि महिला सशक्तीकरण को आगे बढ़ाते हुए प्रदेश में चरणबद्ध रूप से 1.35 करोड़ महिलाओं को तीन साल के इंटरनेट डेटायुक्त नि:शुल्क स्मार्टफोन देने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने कहा कि बालोतरा के जिला बनने से क्षेत्र की पुरानी मांग पूरी हुई है। 2030 तक राजस्थान को देश का प्रथम राज्य बनाना हमारा ध्येय है। गहलोत महंगाई राहत कैम्प का अवलोकन भी किया। मुख्यमंत्री ने कैम्प में बीस दिव्यांगों को स्कूटी की चाबी सौंपी। समारोह में वन एवं पर्यावरण मंत्री हेमाराम चौधरी, अल्पसंख्यक मामलात मंत्री शाले मोहम्मद आदि सहित वरिष्ठ अधिकारी एवं बडी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

## खंभों पर लगाई लाइटें नहीं हुई चालू

**मनोहरपुर, (निसं)।** नगर पालिका के द्वारा अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए तीसरी आंख सीसीटीवी कैमरे लगाने जा रही है इससे कस्बेवासी ख़ुश होंगे। जनता का कहना है कि करीब 5 महीने से लाइटें गुल पड़ी हुई हैं और चारों ओर अंधेरा पसरा हुआ है। नगर पालिका ने लाखों रुपए खर्च कर खंभों पर लाइट लगा दी है। लेकिन अब तक लाइट चालू नहीं हुई है। पालिका के कनिष्ठ अभियंता पूरणमल कुमावत का कहना है कि बिजली विभाग द्वारा नगर पालिका को डिमांड नोटिस भेजेंगे तब लाइटों का पेमेंट जमा होगा और जल्द ही लाइट चालू कर दी जायेगी। बिजली विभाग के कनिष्ठ अभियंता राकेश कुमावत का कहना है कि तीन दिवस में नगर पालिका को बिजली विभाग के द्वारा डिमांड नोटिस दे दिया जाएगा।

## 'पचपदरा रिफाइनरी में शुरू होगा कॉमर्शियल प्रोडक्शन'

**बाड़मेर, (निसं)।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि पचपदरा रिफाइनरी राजस्थान ही नहीं बल्कि पूरे देश के लिए महत्वाकांक्षी परियोजना है। राजस्थान रिफाइनरी ऐसी पहली रिफाइनरी है, जहां तेल शोधन के साथ पेट्रोलियम सह-उत्पादों के निर्माण के लिए पेट्रो-केमिकल कॉम्पलेक्स एक साथ विकसित होंगे। इस परियोजना से राजस्थान पेट्रोलियम आधारित उद्योगों का हब बनेगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के नेतृत्व में वर्ष 2013 में शिलान्यास के बाद विभिन्न कारणों से कार्यों पर प्रतिकूल असर पड़ा। उन्होंने कहा कि वर्ष 2013 में यह 37229 करोड़ रुपए, वर्ष 2017 में 43129 और अब 72937 करोड़ रुपए से अधिक की परियोजना हो गई है। इसके बावजूद खुशी है कि क्षेत्र की जनता के संघर्ष और हमारी सरकार की कोशिशों से परियोजना ने अब गति पकडी है।

एचपीसीएल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने बताया कि वर्तमान में 72,937 करोड़ रुपए की इस परियोजना का मैकेनिकल कार्य मई, 2024 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। समीक्षा बैठक में खान एवं पेट्रोलियम मंत्री प्रमोद जैन भाया, विधायक मदन प्रजापत, मुख्य सचिव उषा शर्मा, मुख्यमंत्री के सलाहकार डॉ. गोविन्द शर्मा, खान एवं पेट्रोलियम विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव वीनू गुप्ता, रीको अध्यक्ष कुलदीप रांका आदि उपस्थित रहे।

# बरसाती पानी की निकासी नहीं होने से चूरू के लोग परेशान

**चूरू, (कासं)।** बरसाती पानी की निकासी नहीं होने से शहर के लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। शुक्रवार को विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ के नेतृत्व में भाजपा पदाधिकारियों ने कलेक्ट्रेट कार्यालय में नगर परिषद् के खिलाफ नारेबाजी कर

- **गंदे पानी की समस्या को लेकर भाजपा पदाधिकारियों ने प्रदर्शन किया**

जमकर विरोध प्रदर्शन किया व इसको लेकर जिला कलक्टर सिद्धार्थ सिहाग को ज्ञापन सौंपा। विधानसभा नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ ने कहा कि सुभाष चौक और जौहरी सागर क्षेत्र शहर के प्रमुख व्यापारिक क्षेत्र हैं। जहां पिछले 5 दिनों से पानी की निकासी नहीं हो रही है। नगर परिषद सभापति और आयुक्त को ज्ञापन सौंपने के बाद भी समस्या का कोई समाधान नहीं हो पा रहा है।

राठौड़ ने कहा कि नगर परिषद की अनदेखी के चलते आज शहर का हाल बेहाल है। उन्होंने कहा कि चूरू नगर परिषद् भ्रष्टाचार का अड्डा बन चुकी है। पिछले 3 साल में नगर परिषद में 33 आयुक्तों को बदला जा चुका है। राठौड़ ने कहा कि अगर अब भी नगर परिषद् शहर की समस्याओं की ओर कोई ध्यान नहीं देती है तो भाजपा बड़ा आंदोलन करेगी। इस मौके पर पूर्व जिला प्रमुख हरलाल सहारण, विमला गढ़वाल, दीनदयाल सैनी, सुरेश सारस्वत, प्रधान दीपचंद राहड़, भंवरलाल गुर्जर, चन्द्राराम गुरी, चेतराम सहारण, रणवीर कस्वां, विशाल भाटी, अख्तर खान, मेघराज भार्गव सहित अनेक पार्षद व भाजपा पदाधिकारी उपस्थित थे।




विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ के नेतृत्व में भाजपा पदाधिकारियों ने प्रदर्शन किया।

# किशनगढ़ बास पालिका ने पानी निकासी की समस्या को देख 80 लाख का बजट पास किया

## 100 साल पुरानी खाई के बदलेंगे दिन, फिर से चारों तरफ होगा पानी

**किशनगढ़ बास, (निसं)।** शहर में बनी गंदे पानी निकासी की समस्या को देखते हुए किले के पास खाई में नगरपालिका की ओर से खुदाई कराई जा रही है। इससे पहले जोहड़ पर खुदाई का कार्य कराया गया लेकिन बीच में ही आधी अधूरी खुदाई कर छोड़ दिया गया। नगर पालिका ने शहर में बनी पानी निकासी की समस्या को देख करीब 80 लाख का प्लान बना कर बजट पास किया है। इससे शहर की पानी निकासी की समस्या के समाधान के साथ-साथ भूजल स्तर भी ऊंचा उठ सकेगा।

नगर पालिका की ओर से चलाए गए जोहड़, खाई खुदाई के कार्य से जोहड़ और खाई की जमीन पर वर्षों से कब्जा किए हुए लोगों में हड़कंप मचा हुआ है। लोगों का कहना है कि तत्कालीन रहे सरपंचों ने अपनी अपनी राजनीति चमकाने के लिए जोहड़ खाई की भूमि पर पट्टे जारी किए हुए हैं। किले के चारों और राजा महाराजाओं की ओर से पानी भराव के लिए बनाई गई खाई पर नगर पालिका पट्टे निरस्त कर उक्त भूमि को अपने कब्जे में लेती है या फिर छोड़कर खुदाई करती है यह देखने वाली बात होगी।



पानी निकासी को लेकर खाई में खुदाई करती जेसीबी मशीन।

खाई से पहले नगर पालिका ने खैरथल रोड स्थित जोहड़ सफाई कराने के लिए पोकलेट मशीन लगाई करीब 1 महीने तक मशीन जोहड़ की सफाई के लिए खड़ी रही। जोहड़ की सफाई करने के लिए जोहड़ के पास बने प्राचीन शिव मंदिर के सामने की सड़क को तोड़ दिया गया। बीच में मशीन को हटाकर खाई में लगाने से मंदिर के रास्ते में गंदा पानी जमा हो रहा है। मंदिर आने जाने पर श्रद्धालुओं को परेशानी उठानी पड़ रही है।

जोहड़ का गंदा पानी किले के पास खाई में पहुंचाने के लिए जोहड़ के पानी

- **जोहड़ और खाई की जमीन पर वर्षों से कब्जा किए हुए लोगों में हड़कंप**

को रोका गया है और खाई में खुदाई कराई जा रही है। जिससे जोहड़ का पानी खाई में आसानी से पहुंच सकें और फिर जोहड़ की सफाई की जा सके। ग्राम पंचायत के तत्कालीन रहे सरपंचों की ओर से खाई में दिए गए पट्टे खुदाई में रुकावट बन रहें हैं। लोगों ने पक्का निर्माण कर पानी को रोका हुआ है यहां तक की ग्राम पंचायत और नगरपालिका ने खाई में बने मकान वालों की सुविधा के लिए सड़क का निर्माण तक किया हुआ है।

न्यायालय में मामला पहुंचने पर नगरपालिका को खाई में खुदाई कार्य रोकना पड़ा हालांकि अब न्यायालय में सुनवाई के बाद खाई में नगर पालिका ने खुदाई कार्य शुरू करा दिया है। लोगों ने बताया कि खाई की तर्ज पर जोहड़ में भी प्रभावशाली लोगों को सरपंचों ने पट्टे जारी किए हुए है। यह बात अधिकारी चेयरमैन पार्षदों से भी छुपी हुई नहीं है। करीब 6 माह पहले नगर पालिका गंज रोड पर सरकारी नालों पर बने दुकान मकानों के पट्टे निरस्त करने के लिए जिला कलेक्टर के यहां सिफारिश भेज चुकी हैं।

अभिभाषक संघ अध्यक्ष अमित गौड़ व्यापार महासंघ अध्यक्ष परमानंद लखयाणी का मानना है कि नगर पालिका किले के चारों ओर बनी खाई और जोहड़ की खुदाई कर सफाई कराती है तो शहर की पानी निकासी की समस्या के समाधान के साथ-साथ शहर में नीचे गिरता भूजल स्तर ऊंचा होगा। आवश्यकता है अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों को पारदर्शिता रखते हुए कार्य कराने की।